मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-244
02/05/2021

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार का बड़ा निर्णय

- पत्रकारों को फ्रंटलाइन वर्कर की श्रेणी में शामिल कर कोविड–19 टीकाकरण कराने का निर्णय।

पटना, 02 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पत्रकारों के हित में राज्य सरकार का बड़ा निर्णय लिया है। राज्य सरकार द्वारा सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग द्वारा एक्रिडियेटेड सभी पत्रकारों के साथ–साथ जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी द्वारा सत्यापित नन एक्रिडियेटेड पत्रकारों (प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक एवं बेव मीडिया आदि) को प्राथमिकता के आधार पर कोविड–19 टीकाकरण हेतु फ्रंटलाइन वर्कर की श्रेणी में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे सभी चिह्नित पत्रकारों को प्राथमिकता के आधार पर कोविड–19 का टीकाकरण किया जायेगा। कोरोना संक्रमण के दौर में पत्रकार अपनी भूमिका का बेहतर निवर्हन कर रहे हैं। वे कोरोना संक्रमण के खतरों के प्रति भी लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

******